

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 07 मई 2026

# पिता ने कार नहीं दिलाई तो युवक ट्रेन से कटा

▸ रायसेन के युवक ने सलामतपुर में की आत्महत्या

**सलामतपुर, 6 मई. रायसेन शहर के एक 28 साल के युवक ने कार नही दिलाने पर गुस्सा होकर सलामतपुर में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली. युवक ने मंगलवार रात सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के आगे पटरियों पर सिर रखकर अपनी जान दे दी.**

ट्रेन गर्दन के ऊपर से निकली और युवक का सिर धड़ से अलग हो गया. पुलिस ने बताया की रेलवे पटरियों के खंभा नम्बर 862/4 पर सुनील शर्मा पिता द्वारकाप्रसाद शर्मा 28 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 14 पाटनदेव रायसेन रेलवे ओवरब्रिज के पास पटरियों पर सिर रखकर लेट गया. ट्रेन ऊपर से निकलने पर सिर धड़ से अलग हो गया. और



सुनील की दर्दनाक मौत हो गई. युवक के पास से मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त हुई थी. बुधवार को रायसेन जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद सुनील का शव परिजनों को सौंप दिया. पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस को पूछताछ में सुनील के पिता द्वारकाप्रसाद शर्मा ने बताया कि मंगलवार को वह घर से शाम को बाहर चला गया था. उन्होंने बताया कि वह कुछ दिनों से नई कार दिलाने का बोल रहा था. मेने मना कर दिया था तो वह नाराज़ हो गया था. मैंने सोचा नही था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा. सुनील की मौत की खबर मिलने के बाद घर में सभी का रो-रोक बुरा हाल है.

**इनका कहना है**

सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के आगे रेलवे लाइनों पर किसी युवक के ट्रेन से कटकर मौत की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचकर शव को रेल्वे लाइनों से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजकर मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर

## रेल पटरियों के पास मिला 2-3 दिन पुराना शव, भोपाल निवासी है मृतक

▸ आधार कार्ड से हुई मृतक की शिनाख्त, ट्रेन से गिरने की है आशंका

**सलामतपुर, 6 मई. सलामतपुर थाना क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा रेलवे फाटक के आगे पटरियों के किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. शव 2 से 3 दिन पुराना होने के कारण सड़ चुका था. जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी देर रात मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रायसेन जिला चिकित्सालय भेजा गया.**

वहीं शव के पास से आधार कार्ड मिलने से मृतक की पहचान आशिक अली पिता शौकत अली 57 साल निवासी जवाहर कालोनी ऐशबाग भोपाल के रूप में हुई है. पुलिस को मृतक के पास से ट्रेन का टिकट





भोपाल से बीना होते हुए सागर जाने का मिला है. पुलिस आशंका जता रही कि संभवता आशिक अली की मौत ट्रेन से गिरकर हुई है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि फिलहाल मर्ग का मामला कायम कर मामला जांच में लिया है. बुधवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम उपरांत आशिक अली का शव रायसेन के कब्रिस्तान में दफना दिया गया है.

**पत्नी की हो चुकी है मौत**- बताया जा रहा है कि आशिक अली की पत्नी की भी बीमारी के चलते लगभग एक वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है. और आशिक अली सेटिंग में लोहा बांधने का काम करता था. परिजनों से मिली अनुसार आशिक अली ने पत्नी के इलाज के लिए अपना मकान 16 लाख रुपए में बेच दिया था. और खुद किराए के मकान में रह रहा था. वह 2 से 3 दिन पहले सागर जाने के लिए भोपाल से निकले थे. तभी से उनसे संपर्क नही हो पा रहा था. वहीं ऐसी आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन में गेट पर बैठे होंगे और गिरने से उनकी मौत हो गई.

# स्कॉर्पियो ने कार को मारी टक्कर, एक युवक घायल

▸ बालमपुर घाटी पर तेज रफ्तार का कहर

**सलामतपुर, 6 मई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बालमपुर घाटी पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक महिंद्रा स्कॉर्पियो ने स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में कार में सवार एक युवक घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने सामने चल रही स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी.**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे युवक चोटें आई. घटना की सूचना मिलते ही सूखीसेवनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहनों को कब्जे



में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार के कारण हादसे होते रहते हैं. उन्होंने प्रशासन से स्पीड कंट्रोल के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके.

बालमपुर घाटी पर भी सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं.

# एनओसी न मिलने से चार साल से अधूरी है सड़क

▸ रायसेन-विदिशा जिले के लोगों को हो रही परेशानी

**बेगमगंज, 6 मई. बेगमगंज - विदिशा सड़क 4 साल से अधूरी पड़ी है. मात्र 4 किमी का निर्माण नहीं होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. बताया जाता है कि वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण पिछले चार सालों से इस सड़क काम अधूरा पड़ा है.**

सड़क न बनने से दो जिलों रायसेन एवं विदिशा के निवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बेगमगंज के कोहनियां झिरिया मंदिर से हैदरगढ़, ग्यारसपुर मार्ग का चार साल पहले सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन रायसेन जिले के वन विकास निगम से एनओसी नहीं मिलने से यह सड़क वन विभाग क्षेत्र में पड़ने वाली घाटी वाले स्थान पर



आज भी सड़क अधूरी पड़ी है. रोज यहां से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है. दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है जबकि विदिशा जिले के क्षेत्र में पड़ने वाली यह सड़क वन भूमि सीमा में बनकर तैयार हो गई है. केवल रायसेन जिले के क्षेत्र में ही पिछले 4 साल से काम बंद पड़ा हुआ है. नागरिकों द्वारा बार - बार अपने -अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराए जाने के बाद भी निर्माणधीन सड़क आज भी पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रही है.

**इनका कहना है**

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी अरविंद अहिरवार का कहना है कि बीना नदी के उस पार के जंगल वन विकास निगम के अधीन हैं. वन विभाग से स्वीकृति अभी तक नहीं मिलने का कारण ज्ञात नही है. पता करके ही बता पाएंगे.

# 9 को लगेगी लोक अदालत

**बेगमगंज, 6 मई. बेगमगंज तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश सविता ओगले ने बताया ने बताया कि 9 मई शनिवार को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में 4 खंडपीठ रहेंगी. जिला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सविता ओगले, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सचिन द्विवेदी, न्यायिक मजिस्ट्रेट अन्ना गिलोरी माहेश्वरी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता चौहान द्वारा अपने -अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा.**

न्यायाधीश सविता ओगले ने कहा कि इस अवसर का लाभ सभी पक्षकारों को उठाना चाहिए. संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जाएगी. योजना के प्रावधानों के अंतर्गत नगरपालिका के 50 हजार रुपये तक के संपत्तिकर और 10 हजार रुपये तक के जलकर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णत: माफ किया जाएगा.

> वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी. इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले पक्षकारों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की गई है. जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा. न्यायाधीश श्रीमती ओगले ने सभी अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नेशनल लोक अदालत में सहभागिता कर लंबित प्रकरण निपटाएं.

# उपार्जन केंद्रों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : राजपूत

▸ खाद्य मंत्री ने किसानों से किया सीधा संवाद

**रायसेन, 6 मई. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को भोपाल से सागर जाते समय अचानक रायसेन जिले के सेहतगंज स्थित उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए तुलाई, खरीदी एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की. खाद्य मंत्री ने मौके पर वारदाने का वजन कराया और भरे बोरे के गेहू का वजन कराया.**

निरीक्षण के दौरान मंत्री राजपूत ने उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की तथा ऑटो कनेक्टिविटी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने खरीदी के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने और तुलाई प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की



अनियमितता न होने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए.

मौके पर कार्य में थोड़ी शिथिलता पाए जाने पर खाद्य मंत्री राजपूत ने संबंधित सर्वे कर्मचारियों वसुंधरा गौर और शिवराज लोधी को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान मंत्री ने किसानों से भी सीधा संवाद किया. रंगपुर के किसान किशन गोपी और कैलाश यादव ने बताया कि उन्हें उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है तथा उनकी फसल की तुलाई समय पर हो रही है. किसानों ने उपार्जन केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं को संतोषजनक बताया. मंत्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और गेहूं उपार्जन एवं तुलाई का कार्य समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संपन्न किया जाए.

# रायसेन से 500 कांग्रेस कार्यकर्ता शाजापुर में प्रदर्शन में होंगे शामिल

**रायसेन, 6 मई. किसानों की समस्याओं को लेकर 7 मई को कांग्रेस पार्टी द्वारा शाजापुर में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया जाएगा. उपार्जन व्यवस्थाओं में गड़बड़ी लेकर हाईवे पर चक्काजाम करेंगे. बुधवार को रायसेन जिला कांग्रेस कार्यालय में विधायक देवेंद्र पटेल ने एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रायसेन जिले से लगभग 500 कार्यकर्ता शाजापुर के लिए रवाना होंगे और प्रदर्शन में शामिल होंगे.**

विधायक पटेल ने आरोप लगाया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने तुलाई में भ्रष्टाचार, भुगतान में देरी और टोकन सिस्टम की अव्यवस्था को मुख्य समस्या





बताया. पटेल के अनुसार, दलालों और बिचौलियों के कारण किसान शोषण का शिकार हो रहे हैं. कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और वास्तविक भुगतान में बड़ा अंतर है. पार्टी के अनुसार, 2700 रुपए प्रति क्विंटल के वादे के बावजूद बोली 2300 रुपए से शुरू हो रही है. इसके अलावा, गेहूं और सोयाबीन का भुगतान समय पर न होने से किसान कर्ज के जाल में फंस रहे हैं. खाद, बीज और जूट बैग की कमी को भी एक गंभीर समस्या बताया गया.

# जनगणना कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बेगमगंज, 6 मई. भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 कराए जाने के प्रथम चरण में मकान गणना सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है. समय पर गणना का कार्य पूरा करने वाले बेगमगंज नगर के 2 एवं ग्रामीण क्षेत्र से 6 कुल 8 प्रगणक कलेक्टर के द्वारा सम्मान पा चुके हैं.**

मप्र में प्रथम रहे रायसेन जिले का दबदबा बरकरार रहे, इसको लेकर एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा बहुत प्रयास किए जा रहे हैं. जनगणना प्रथम चरण में मकानों के सर्वेक्षण में लगे सभी प्रगणकों की हौसला अफजाई के लिए एसडीएम मिश्रा डोर -टू -डोर सघन दौरा करते हुए स्थल निरीक्षण कर गणना की समीक्षा कर रहे हैं. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने बुधवार को नगर के चार्ज अधिकारी नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र शर्मा के साथ नगरीय क्षेत्र में चल रही मकान



जनगणना का औचक निरीक्षण करते हुए चिलचिलाती धूप में विषम परिस्थितियों में गणना में लगे कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया. ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारी व तहसीलदार प्रमोद उइके के साथ ग्राम मरखंडी एवं सुल्तानगंज क्षेत्र में चल रही मकान गणना का निरीक्षण कर कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की.

**इनका कहना है**

एसडीएम सौरभ मिश्रा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि मध्यप्रदेश में सबसे पहले रायसेन जिला जनगणना का प्रथम चरण पूर्ण कर ले. हमें कार्य में लगे अपने कर्मचारियों पर विश्वास है कि वे पूर्व की भांति इस बार भी अच्छा काम करके अग्रणी रहेंगे. बेगमगंज के 8 बेहतर प्रगणक कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किए गए हैं.

## बिजली उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

**बाड़ी, 6 मई.** क्षेत्र में इन दिनों विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली चर्चा और विवाद का विषय बनी हुई है. ठेका प्रथा और लापरवाही के चलते न केवल गलत बिलों का वितरण हो रहा है बल्कि वर्षों पुराने लंबित प्रकरणों के नाम पर वसूली का खेल भी शुरू हो गया है. भारी-भरकम बिलों और पुराने नोटिसों ने उपभोक्ता परेशान हैं. ये प्रकरण बाड़ी और बरेली के बीच फाइलों में झूल रहे हैं, लेकिन वसूली के लिए दबाव सीधे उपभोक्ता पर बनाया जा रहा है. अब उन प्रकरणों के नोटिस भेजे जा रहे हैं जो करीब 5 साल पुराने बताए जा रहे हैं. आरोप है कि कई प्रकरण फर्जी तरीके से तैयार किए गए हैं. मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली काटी जाती है. हवा चलते ही बिजली गुल हो जाना यहां की नियति बन गई है. कम क्षमता की डीपी (ट्रांसफार्मर) पर क्षमता से अधिक कनेक्शन दे दिए गए हैं.

# पंचायत भवन पर ताले लगे, ग्रामीण भटकने को मजबूर

▸ जिला सीईओ बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई

**सिलवानी, 6 मई. ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द में .पंचायत भवन पर ताले लटके रहने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरपंच और सचिव के घरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं.**

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव और रोजगार सहायक की मनमानी के चलते पंचायत कार्यालय नियमित रूप से नहीं खुलता. कभी खुलता भी है तो केवल एक दो घंटे के लिए औपचारिकता निभाई जाती है. ऐसे में अधिकांश समय ग्रामीणों को ताला ही लटका मिलता है.

ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान पंचायत भवन पूरी तरह बंद





मिला. परिसर में कोई भी कर्मचारी या जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं था. ग्रामीणों का कहना है कि कार्यालय कभी कभार ही खुलता है जिससे उन्हें योजनाओं की जानकारी तक नहीं मिल पाती. शासन के निर्देश अनुसार पंचायत सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक खुलना अनिवार्य है.

**इनका कहना है**

जिला सीईओ रायसेन कमल सोलंकी ने कहा कि मामला मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है. शीघ्र जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

**धार्मिक आयोजन** ▸ बेगमगंज के कोलूघाट मंदिर पर चल रहा है श्रीराम महायज्ञ

# जीवन का आधार है मनोबल और चिंतन : रोहित शास्त्री

**बेगमगंज, 6 मई. नगर के कोलूघाट मंदिर पर चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन पं. रोहित शास्त्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का वास्तविक आधार उसका मनोबल और चिंतन है. साधक का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने अंत:करण को सकारात्मकता से अनुप्राणित रखे. मनुष्य वस्तुत: अपने विचारों का ही प्रतिरूप है.**

उन्होंने कहा कि उसके अंतर्मन में दो प्रकार के बीज विद्यमान रहते हैं, सकारात्मकता एवं नकारात्मकता के. यही बीज समयानुसार उसके दृष्टिकोण और आचरण रूपी वृक्ष का निर्माण करते हैं. अत: यह पूर्णत: हमारे विवेक पर निर्भर है कि हम अपने चित्तभूमि में किस प्रकार के बीजों का रोपण करते हैं. यदि सजगता और चेतना का आलोक बना रहे, तो कंटीली प्रवृत्तियों को भी पुष्पित-सुगंधित उद्यान में परिवर्तित किया जा सकता है.

पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि



सकारात्मक चिंतन ही मानव जीवन का प्रथम धर्म है, यही उसकी साधना का बीज-मंत्र है. इसके अभाव में जीवन अधूरा एवं दिशाहीन हो जाता है. जब मनुष्य सकारात्मकता को अपनाता है, तब वह जीवन के प्रत्येक पक्ष में सद्भाव और शुभता का ही अन्वेषण करता है. परिणामस्वरूप उसके कर्म और उनके फल भी उज्ज्वल एवं मंगलकारी हो उठते हैं. सकारात्मक विचार ही निराशा के तमस को विदीर्ण कर आशा के द्वार उद्घाटित करते हैं और जीवन को प्रकाशमय बना देते हैं.

> उन्होंने कहा कि हमारी आकांक्षाएं, भावनाएं, विचारधाराएं, अभिलाषाएं, चेष्टाएं और क्रियाएं, ये सभी आत्मा के गौरव के अनुरूप श्रेष्ठ एवं पवित्र होनी चाहिए. जो कुछ हम सोचें और करें, उसमें हमारी अंत:शुचिता और उच्चता प्रतिबिंबित हो. महापुरुषों ने सदा यही प्रेरणा दी है कि महानता को बाहर नहीं, भीतर खोजो. जब अंत:करण के कपाट उदात्तता के लिए खुलते हैं, तभी श्रेष्ठता का वास्तविक संचार होता है. मात्र उत्तम वचनों का श्रवण या उच्चारण जीवन-परिवर्तन का साधन नहीं बनता; अपितु उनके अनुरूप आचरण ही सच्चा परिवर्तन लाता है. उन्होंने कहा कि श्रवण, अध्ययन, स्वाध्याय और सत्संग—ये सब साधन मार्ग को प्रशस्त अवश्य करते हैं, किंतु परिवर्तन की वास्तविक ज्योति भीतर की तीव्र आकांक्षा और जागृति से ही प्रज्वलित होती है. जैसे गणित के सूत्र केवल संकेत प्रदान करते हैं और समाधान के लिए स्वयं बुद्धि का प्रयोग करना पड़ता है, वैसे ही आध्यात्मिक मार्ग में भी आत्मप्रयास अनिवार्य है.

## आग से बचाव के गुर सीख रहा है अस्पताल स्टाफ

**रायसेन, 6 मई.** स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल रायसेन में 'फायर सेफ्टी सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है. 4 मई से शुरू हुआ यह जागरूकता अभियान 10 मई तक चलेगा, जिसके तहत अस्पताल स्टाफ, मरीजों और उनके परिजनों को अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. बुधवार को अस्पताल परिसर में एक वृहद रिहर्सल (मॉक ड्रिल) आयोजित की गई. इस दौरान विशेषज्ञों ने आग बुझाने वाले उपकरणों (फायर एक्सटिंगुइशर) के सही इस्तेमाल का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में विशेष रूप से बताया गया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय धैर्य से कैसे काम लें और कम से कम समय में आग पर काबू पाकर जनहानि को कैसे रोका जाए.

# सनातन धर्म की धुरी हैं सोलह संस्कार

▸ श्रीराम कथा में कथा वाचक डॉ. राघवाचार्य ने कहा

**उदयपुरा, 6 मई. सनातन धर्म, संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्य विश्व वंदनीय भारतीय परंपरा के मूल आधार हैं. सनातन धर्म में वर्णित सोलह संस्कार हिंदू जीवन पद्धति के आधार स्तंभ माने गए हैं. प्रत्येक हिंदू परिवार का यह दायित्व है कि वह अपने बच्चों को इन संस्कारों से अवगत कराए और जीवन में उन्हें आत्मसात कराए.**

उक्त विचार कथावाचक डॉ. राघवाचार्य ने स्थानीय श्री राम-जानकी बड़ा मंदिर, उदयपुरा में आयोजित नव-निर्मित भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह, श्री राम कथा महायज्ञ एवं वाल्मीकि रामायण महोत्सव के चौथे दिन व्यक्त किए. आचार्यश्री ने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में





हम अपने मूल संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं. स्थिति यह है कि आज अनेक लोगों को सोलह संस्कारों के नाम तक ज्ञात नहीं हैं. उन्होंने कहा कि बच्चों को बाल्यावस्था से ही भारतीय सनातन मूल्यों, धर्म, अध्यात्म तथा शाश्वत ग्रंथों की शिक्षा देना आवश्यक है.

कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रात: 7:00 बजे से यज्ञ आहुति प्रारंभ हो जाती है, जिसमें यजमान यज्ञाचार्य के मार्गदर्शन में श्रद्धापूर्वक हवन करते हैं. इस अवसर पर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित विभिन्न प्रांतों से अनेक संत-महात्मा एवं विद्वान पधारे हुए हैं. संपूर्ण आयोजन श्री राम-जानकी घाट बड़ा स्थान अयोध्या के रसिक पीठाधीश्वर अनंत विभूषित महंत श्री जन्मेजय शरण दास जी के मार्गदर्शन तथा मंदिर पुजारी श्यामशरण कोठारी जी के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है.

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर को आकर्षक पोस्टर, बैनर, तोरण द्वार एवं रंगोली से सजाया गया है. अयोध्या से आई सुप्रसिद्ध आदर्श रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है.